(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने देश की नदियों को परस्पर जोड़कर उनके पानी को सिंचाई हेतु उपयोग करने की किसी नई योजना के क्रियान्वयन का निर्णय लिया है;

(ग) क्या यह भी सच है कि गंगा और कावेरी नदियों को जोड़ने के संबंध में एक योजना कई वर्षों से सरकार के पास लंबित है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस योजना को क्रियान्वित किए जाने के संबंध में कोई निर्णय लिया है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

जल संसाधन मंत्री साथ में जल भूतल परिवहन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री मनुभाई कोटाड़िया) : (क) जी हां।

(ख) देश के जल संसाधनों के विकास के लिए सरकार ने एक राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य तैयार किया है, जिसमें हिमालयी नदी विकास और प्रायद्वीपीय नदी विकास नामक दो घटक हैं। जल संसाधन मंत्रालय की पंजीकृत सोसाइटी राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण द्वारा इन दोनों घटकों पर अध्ययन किए जा रहे हैं।

(ग) और (घ) जी नहीं। सरकार पहले से तैयार किए गए राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के अनुसार जल संसाधनों के विकास हेतु अध्ययन शुरू कर रही है।

लघु, मध्यम तथा बड़ी सिंचाई परियोजनाएं

388. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने कृपा करेंगे कि :

(क) देश में दिसम्बर, 1990 तक निर्माणाधीन लघु, मध्यम तथा बड़ी सिंचाई परियोजनाओं की कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या यह भी सच है कि इन में से कई परियोजनाएं अपने निर्धारित समय पर पूरी नहीं हो पाएंगी;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस कारण इन परियोजनाओं की लागत में वृद्धि हुई है; और

(घ) यदि हां, तो उन परियोजनाओं की संख्या कितनी है जो समय पर पूरी हो गयीं थी और क्या उनकी निर्माण-लागत में कोई वृद्धि हुई है?

जल संसाधन मंत्री साथ में जल-भूतल परिवहन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री मनुभाई कोटाडिया) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी।

389. *[Transferred to the 4th March, 1991]*

दिल्ली महानगर में टेलीफोन सेवाओं का विस्तार

390. **डा० जितेन्द्र कुमार जन :**
श्री बलराम सिंह यादव :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान दिल्ली महानगर में टेलीफ़ोन सुविधाओं का लगातार विस्तार हुआ है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1988-89 में दिल्ली में यह सुविधाएं कितने लोगों को उपलब्ध थीं और 1990-91 के दौरान दिसम्बर मास तक इस सुविधा का लाभ पाने वाले लोगों की संख्या कितनी थी; और

(ग) क्या सरकार ने 1988-89 से दिसम्बर, 1990 तक की अवधि के दौरान महानगर टेलीफ़ोन निगम लिमिटेड, दिल्ली के रख-रखाव कर्मचारियों की संख्या में भी वृद्धि की गई है, यदि हां, तो नये नियुक्त इंजीनियरों, लाइनमैनों तथा अन्य सहायक कर्मचारियों की वर्षवार संख्या कितनी है?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप मंत्री और संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जय प्रकाश) : (क) जी, हां।

(ख) वर्ष 1988-89 के दौरान, 26,352 व्यक्तियों को नई सीधी एक्सचेंज लाइनें प्रदान की गई। 31-12-90 की स्थिति के अनुसार सीधी एक्सचेंज लाइनों की कुल संख्या 4,82,435 थी।

(ग) ब्यौरे संलग्न विवरण में दिये गए हैं।

विवरण

मं०ट०नि०लि० की दिल्ली यूनिट में नवनियुक्त कर्मचारियों के वर्ष-वार ब्यौरे

	1988-89	1989-90	1-4 90 से 31-12-90 तक
(i) इंजीनियर	32	37	112*
(ii) अन्य अधीनस्थ कर्मचारी	557	71	—
कुल :	589	108	112

*सितम्बर/अक्तूबर, 1990 में बड़ी संख्या में कनिष्ठ दूरसंचार अधिकारियों को सहायक इंजीनियर के पद पर उन्नत किया गया और पदोन्नतियां दी गई।

Head Post Offices in Tamil Nadu

391. SHRI R. T. GOPALAN: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) what are names of the districts in Tamil Nadu which do not have Head Post Office;

(b) whether Government propose to open at least one Head Post Office in each district preferably at district headquarter; and

(c) if so, what are the details thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI JAI PRAKASH): (a) All the Districts in Tamil Nadu are having Head Post Offices.

(b) and (c). No, Sir.

Refuelling of US planes

392. SHRI R. GANESAN *alias* MISA R. GANESAN:

SHRI V. GOPALSAMY:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) the number of times the US planes halted in our airports for refuelling since 2nd August, 1990;

(b) the number of such flights per month and the total quantity of fuel provided each month;

(c) when this facility was provided initially to the USA by Government; and

(d) whether Government propose to review this facility in view of Gulf War and if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE (SHRI KAMAL MORARKA): (a) In the context of Gulf crisis, 136 US Air Force transport aircraft refuelled at Indian airports.

(b) The number of flihts in January 1991, were 78 and in February 1991, 58. Total amount of fuel supplied was approximately 32 lakh litres.

(c) In the present context, the transit and refuelling facilities were provided from 28th December, 1990.

(d) No refuelling has taken place since 20th February, 1991.

Second U.S. super computer to India

393. SHRIMATI VEENA VERMA:

SHRI KAPIL VERMA:

SHRIMATI KAILASHPATI:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether the US Government has agreed to supply the second Super Compu-